दिनांकः 16.04.2024

-प्रेस नोट-

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

थाना मिर्जापुर, सहारनपुर पुलिस द्वारा दुष्कर्म के 01 वांछित अभियुक्त को किया गिया गिरफ्तार

अवगत कराना है कि दिनांक 11.04.2024 को वादी ने एक लिखित प्रार्थना पत्र बाबत अभियुक्त सादिक पुत्र आकिब निवासी ग्राम धानाखण्डी थाना कोतवाली देहात जिला सहारनपुर द्वारा वादी की पुत्री को बहला फुसलाकर अपने साथ ले जान के संबंध में थाना मिर्जापुर पर मु0अ0स0 69/24 धारा363 भादवि पंजीकृत किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर ने उक्त घटना का तत्काल संज्ञान लेकर अभियुक्त की शीध्र गिरफ्तारी हेतु दिशा निर्देश दिए। इसी आदेश के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एंव क्षेत्राधिकारी बेहट के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक श्री प्रवेश सिंह के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 16.04.2024 को मुखबिर की सूचना पर थाना मिर्जापुर पुलिस टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्त **सादिक पुत्र आकिब निवासी ग्राम धानाखण्डी थाना कोतवाली देहात जिला सहारनपुर** को गौल्डन पैलेस,विकास नगर बेहट रोड मिर्जापुर के पास से गिरफ्तार किया गया ।विवेचना के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 376 भादवि व 3/4 पोक्सो एक्ट की वृद्धि की गयी। दिनांक 12.04.2024 को अपर्हता को बरामद किया जा चुका है। गिरफ्तार अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता –

सादिक पुत्र आकिब निवासी ग्राम धानाखण्डी थाना कोतवाली देहात जिला सहारनपुर।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम–

1. उ0नि0 राममेहर सिंह थाना मिर्जापुर जिला सहारनपुर ।
2.का0 2284 श्रीकृष्ण थाना मिर्जापुर जिला सहारनपुर

दिनांक: 16-04-2024

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद-सहारनपुर, उत्तरप्रदेश

थाना गागलहेडी पुलिस द्वारा शान्ति भंग करने वाले 02 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत जनपद में अपराध नियन्त्रण एवं वांछित/वारण्टी/शान्ति भंग करने वाले व्यक्तियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी सदर के निकट पर्यवेक्षण में व व0उ0नि0 श्री अनिल तेवतिया के कुशल नेतृत्व में थाना गागलहेडी के ग्राम हरोडा मुस्तकम के **1.इमरान पुत्र घसीटा नि0 ग्राम हरोडा मुस्तकम थाना गागलहेडी जनपद सहारनपुर 2. शराफत पुत्र घसीटा नि0 ग्राम हरोडा मुस्तकम थाना गागलहेडी जनपद सहारनपुर** उपरोक्त को अन्तर्गत धारा 151 सीआरपीसी गिरफ्तार किया गया दोनो भाई अपने घर के बाहर पुरानी मुकदमेवाजी को लेकर आमदा फसाद थे पुलिस वालो द्वारा काफी समझाने के बाद भी नही माने और अधिक उत्तेजित होकर लडाई झगडे पर उतारु होने लगे। अतः अभियुक्तगण उपरोक्त को शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु ग्राम हरोडा मुस्कतम से अन्तर्गत धारा 151/107/116 सीआरपीसी गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय उपजिलाधिकारी सदर के समक्ष पेश किया जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पता-

1. इमरान पुत्र घसीटा नि0 ग्राम हरोडा मुस्तकम थाना गागलहेडी जनपद सहारनपुर
2. शराफत पुत्र घसीटा नि0 ग्राम हरोडा मुस्तकम थाना गागलहेडी जनपद सहारनपुर

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1- व0उ0नि0 श्री अनिल कुमार तेवतिया थाना गागलहेडी जनपद सहारनपुर

2- उ0नि0 श्री राशिद खान थाना गागलहेडी जनपद सहारनपुर

3- उ0नि0 श्री डैनी थाना गागलहेडी जनपद सहारनपुर